कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 31.12.2024

/प्रेस विज्ञप्ति/

कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने ईस्ट जोन बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता में परचम फहराया

बाबा भीम राव अम्बेडकर विश्वविद्यालय मुजफ्फरपुर (बिहार) द्वारा एल0 एन0 मिश्रा इंस्टीट्यूट में आयोजित ईस्ट जोन विश्वविद्यालयीन महिला बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग ने विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के लिए भी गौरव की बात है कि इस महाविद्यालय के सात खिलाड़ी इस टीम में सम्मिलित थीं, जिनके उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के कारण टीम विजयी हुई।

महाविद्यालय बी0 ए0 द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत कु0 डी0 अनुषा को प्रतियोगिता का उत्कृष्ट खिलाड़ी पुरस्कार एवं उनकी बहन डी0 कीर्ति को सर्वोच्च बॉस्केट अवार्ड से नवाजा गया। ज्ञात रहे कि डी0 कीर्ति अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी हिस्सा ले चुकी हैं। डॉ0 ऋतु दुबे ने बताया कि दोनों बहनों ने प्रतियोगिता में क्रमशः निम्न अंक अर्जित किए। बिहार के विरूद्ध डी0 कीर्ति ने 06, रविशंकर के विरूद्ध 26, वर्धमान के विरूद्ध 17, कोलकाता के विरूद्ध 13, बी0 एच0 यू0 31, उत्कल के विरूद्ध 26। वहीं डी0 अनुषा ने बिहार के विरूद्ध 16, रविशंकर के विरूद्ध 19, वर्धमान के विरूद्ध 17, कोलकाता के विरूद्ध 15, बी0 एच0 यू0 14, उत्कल के विरूद्ध 17। महाविद्यालय के अन्य खिलाड़ियों का पूरी प्रतियोगिता में योगदान – रीतिका निषाद, कुल 28 अंक, जन्नत अली कुल 32 अंक, अर्चना निषाद कुल 18 अंक, डी0 अश्वनी कुल 20 अंक, ज्योति प्रजापति कुल 26 अंक अर्जित कर विजेता होने में अपना योगदान दिया।

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल ने बधाई दी एवं अखिल भारतीय प्रतियोगिता हेतु शुभकामनाऐं दी। क्रीडा समिति के संयोजिका डॉ0 सुषमा यादव, डॉ0 लता मेश्राम, श्री विजय चन्द्राकर एवं महाविद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने ईस्ट जोन बॉस्केटबॉल
प्रतियोगिता में परचम फहराया